FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना एका दिनाँक 20-11-2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना एका पुलिस टीम द्वारा थाना एका क्षेत्रान्तर्गत हत्या की घटना कारित करने वाले वाँछित अभियुक्त रोवी उर्फ कालू को अवैध असलाह मय 02 जिन्दा कारतूस सहित किया गिरफ्तार ।

पूर्व में उक्त अभियोग में वाँछित 02 अभियुक्तों क्रमशः अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह को पुलिस मुठभेड़ के दौरान एवं अन्य सहअभियुक्त रवेन्द्र को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल.....

दिनांक 15.11.2026 को सुबह लगभग पाँच बजे ग्राम सिंहपुर उडेसर में मृतक प्रदीप कुमार पुत्र बज्र सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर उडेसर थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 30 वर्ष की घटना में गिरफ्तारशुदा अभियुक्त रवेन्द्र पुत्र गंगा सिंह निवासी ग्राम सिंगपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद के द्वारा अपने अन्य सह अभियुक्तगणों के साथ मिलकर जमीनी रजिंश में पीट पीटकर मृतक प्रदीप की निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में थाना एका पर मु.अ.स.0301/2026 धारा-191 (2) /191(3)/190/103(1)/352/ 351(2)/3(5)/61(2) बीएनएस बनाम रोवी उर्फ कालू पुत्र रवेन्द्र निवासी ग्राम सिंहपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद आदि 12 नफर अभियुक्तगण के विरूद्ध पंजीकृत हुआ था। उक्त घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना एका पर पुलिस टीम गठित करने हेतु आदेशित किया गया। उक्त आदेश के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व मे उक्त घटना को कारित करने वाले अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित की गयी। गठित ठीम द्वारा अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखविर खास द्वारा पुलिस टीम को सूचना दी गयी कि उपरोक्त घटना का वांछित अभियुक्त रवि उर्फ कालू पुत्र रवेन्द्र उपरोक्त जो पैडत पुल से ग्राम जहानपुर की तरफ नहर पटरी पर है उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रोवी उर्फ कालू पुत्र रवेन्द्र निवासी ग्राम सिंहपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद को दि0 19.11.26 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद तमंचा व 2 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। हत्या के अभियोग में वाँछित अभियुक्त देवेन्द्र को पुलिस मुठभेड़ में एवं अन्य सह अभियुक्त रवेन्द्र को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः---

1-रोवी उर्फ कालू पुत्र रवेन्द्र निवासी ग्राम सिंहपुर थाना ऐका जनपद फिरोजाबाद

बरामदगी अभियुक्त ...

1. एक अदद तमंचा 32 बोर
2. 2 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु.अ.स.0301/2026 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/352/351(2)/3(5)/61 (2) बीएनएस थाना एका जनपद फिरोजबाद
2. मु0अ0स0 312/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना एका जनपद फिरोजाबाद

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम..

1. श्री राजेश कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना ऐका जनपद फिरोजाबाद
2. उ0नि0 श्री विश्वेन्द्र सिंह थाना एका जनपद फिरोजाबाद
3. है0का0 87 दुष्यन्त कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद
4. का0 888 प्रशान्त कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद
5. का०चा०357 गौरव कुमार थाना एका जनपद फिरोजाबाद